# 50 मेधावी चित्रांश विद्यार्थियों का सम्मान

## दुष्यंत संग्रहालय में कायस्थम प्रतिभा सम्मान समारोह

**भोपाल, 30 मई. कायस्थ समाज की संस्था कायस्थम मध्यप्रदेश द्वारा शनिवार को दुष्यंत संग्रहालय में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में 10वीं और 12 वीं के 50 विद्यार्थियों को कायस्थम प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया. इनमें 12वीं बोर्ड के 15 विद्यार्थी और 10 वीं बोर्ड के के 35 विद्यार्थी शामिल थे. जिन्होंने इसी साल की बोर्ड परीक्षा में 90% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं.**

समारोह के मुख्य अतिथि मप्र राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त मनोज श्रीवास्तव और अध्यक्ष, वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह ,प्रमाण पत्र, भेंट कर उन्हें सम्मानित किया, जो विद्यार्थी आयोजन में पहुंच नहीं सके, उनके अभिभावकों को यह सम्मान प्रदान किया गया. नौ विद्यार्थियों को समाज के प्रमुख लोगों ने अपने परिजनों की स्मृति में प्रोत्साहन राशि, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट से सम्मानित किया. जम्मू से 12वीं बोर्ड की परीक्षा 98.2 प्रतिशत से उत्तीर्ण छात्रा आराध्या खरे भी भोपाल आई और उन्होंने यह सम्मान ग्रहण किया. इससे पहले मनोज श्रीवास्तव एवं महेश श्रीवास्तव और अन्य अतिथियों ने भगवान श्री चित्रगुप्त के छायाचित्र और मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की.



### परफॉर्मेंस को खराब करती है रिजल्ट की चिंता : मनोज श्रीवास्तव

समारोह को संबोधित करते हुए मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यार्थियों को केवल रिजल्ट पर ही नहीं परफॉर्मेंस पर भी फोकस करना चाहिए, क्योंकि रिजल्ट की चिंता परफॉर्मेंस को खराब करती है. जब तक आप प्रोसेस पर ध्यान नहीं देंगे, तब तक आप जीवन में सफल नहीं हो सकते. इसकी सीख हमें क्रिकेटर विराट कोहली और वैभव सूर्यवंशी से लेनी चाहिए, जो खेलते समय केवल प्रोसेस पर ध्यान देते हैं और यह भी चिंता नहीं करते कि उनका शतक पूरा हो पाएगा अथवा नहीं. उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपना पूरा ध्यान पढ़ाई पर ही फोकस करें.

प्रारम्भ में कायस्थम के अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव ने बताया कि 90% से अधिक अंक हासिल करने वाले और भी विद्यार्थी हैं, जिनकी जानकारी संस्था को निरन्तर प्राप्त हो रही है. कायस्थम का यह पहला कार्यक्रम था. अब हर साल इसे बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा. कायस्थम द्वारा बुक बैंक की स्थापना, निर्धन कायस्थ परिवार की बेटी का विवाह, करियर काउंसलिंग, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, रिमझिम गिरे सावन कार्यक्रम भी निकट भविष्य में आयोजित किए जाएंगे. आभार कोषाध्यक्ष मुकुल अस्थाना ने व्यक्त किया. कायस्थम के उपाध्यक्ष आरपी श्रीवास्तव, सुरेश श्रीवास्तव, महासचिव रश्मि सक्सेना, सचिव आलोक श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव अजय भटनागर सहित बड़ी संख्या में चित्रांश बंधु उपस्थित थे.

**दिवंगतों के स्मृति में प्रोत्साहन राशि:** आयोजन में कायस्थ समाज के कुछ प्रमुख लोगों ने अपने दिवंगत परिजनों की स्मृति में नौ विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह के अलावा प्रोत्साहन राशि प्रदान की. बैंक से सेवानिवृत्त एजीएम राकेश खरे ने अपने पिता स्व. हरिशंकर श्रीवास्तव की स्मृति में कान्वेंट स्कूल ईदगाह भोपाल की 10 वीं की छात्रा दीया सक्सेना (99.2%) और जम्मू की 12 वीं की आराध्या खरे (98%)को स्व. डॉ. जेएन खरे की स्मृति में क्रमश: 3100-3100 रुपये, सहकारिता विभाग के ऑडिट ऑफिसर तुमुल सिन्हा ने अपने पिता स्व. शिवप्रकाश सिन्हा की स्मृति में 12 वीं की छात्रा अदिति श्रीवास्तव (97%) और 10 वीं के छात्र आकाश सक्सेना (99%) तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के पूर्व वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. राजेश सक्सेना ने अपनी मां स्व. सुषमा देवी सक्सेना की स्मृति में दसवीं की अनिका सक्सेना (99%) को 2500-2500 रुपये की प्रोत्साहन राशि भेंट की. राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केंद्र इंदौर के वैज्ञानिक अधिकारी भूपेंद्र भूषण श्रीवास्तव ने अपनी मां स्व. दुर्गावती श्रीवास्तव की याद में 10 वीं में 99.4% अंक प्राप्त करने वाली छात्रा नम्रता सक्सेना एवं एशिता श्रीवास्तव को तथा 12 वीं में तृतीय सर्वाधिक 98.2% प्राप्तांक वाली दिवा श्रीवास्तव और अनुवंश सक्सेना को 1100-1100 रुपये की प्रोत्साहन राशि, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया. पराग श्रीवास्तव ने अपने पिता स्व. राम कृपाल श्रीवास्तव की स्मृति में 10 वीं और 12वीं में सर्वोच्च अंक हासिल करने वाली छात्राओं को 2500-2500 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की.

# अंजना यादव ने एवरेस्ट पर लहराया तिरंगा

**भोपाल, 30 मई. पर्वतारोही अंजना यादव ने 27 मई को सुबह 5:24 बजे विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट ( 8848.86 मीटर ) पर तिरंगा लहराकर मप्र सहित पूरे देश का गौरव बढ़ाया है.**



उन्होंने इसके पहले एवरेस्ट अभियान के दौरान ऑपरेशन सिंदूर की प्रथम वर्षगांठ पर 6119 मीटर ऊंची लाबुचे पीक पर ऑपरेशन सिंदूर का बैनर फहराकर भारतीय सेना के अदम्य साहस और बलिदान को नमन किया. इसके बाद माउंट एवरेस्ट पर भी ऑपरेशन सिंदूर का बैनर लहराकर उन्होंने देशभक्ति और सैनिक सम्मान का संदेश पूरी दुनिया तक पहुंचाया.

अंजना ने अपने अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री के 'फिट इंडिया' अभियान को भी नई ऊँचाई प्रदान की. उन्होंने लोगों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित व्यायाम को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया. साथ ही उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए 'माँ के नाम एक पेड़' अभियान का संदेश देते हुए प्रत्येक नागरिक से अपनी माता के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाने की अपील की. अंजना ने अपनी सफलता का श्रेय मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को देते हुए उनका आभार व्यक्त किया. एवरेस्ट विजय के बाद अंजना यादव 1 जून को भारत लौट रही हैं. वह मूलत: रायसेन जिले के सेमरी ग्राम निवासी हैं.

## अरेरा प्रीमियर लीग का महामुकाबला आज

**भोपाल, 30 मई.** अरेरा प्रीमियर इंटर हाउस लीग क्रिकेट स्पर्धा का फाइनल रविवार को सुबह 9 बजे से खेला जाएगा. अरेरा ग्रीन और अरेरा ब्लू में मुकाबला होगा. पुरस्कार वितरण समारोह शाम 6 बजे आयोजित किया जाएगा. समारोह में खेल मंत्री विश्वास सारंग तथा बीडीसीए अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक ध्रुव नारायण सिंह मुख्य अतिथि होंगे.

## 90 के दशक के गीतों पर आधारित 'कराओके नाइट-म्यूजिकल ईव' आज

**भोपाल, 30 मई.** गंधर्व-कल्चर एंड ईवेंट के तत्वावधान में हिन्दी सिनेमा के 1990 के दशक के गीतों पर केन्द्रित ''कराओके नाइट-म्यूजिकल ईव'' का आयोजन किया जा रहा है. यह म्यूजिकल ईव 31 मई, रविवार को उन्नति भवन, गेट नम्बर-05, मिनाल रेसीडेंसी, भोपाल में शाम 6 बजे से आयोजित की जा रही है. इस कार्यक्रम में 1990 के सुपरहिट गीतों की प्रस्तुति कराओके के साथ दी जायेगी. कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम में भी शहर के प्रतिभावान गायकों द्वारा 1990 के दशक के सुप्रसिद्ध गायकों कुमार सानू, उदित नारायण, सोनू निगम, रूपकुमार राठौर, अलका याज्ञनिक, अनुराधा पौडवाल, साधना सरगम इत्यादि द्वारा गाये सुपरहिट गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी

### एक नजर में

## 'पूनम-42' संगीत संध्या ने बांधा समां



**भोपाल, 30 मई.** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में स्वर्ण जयंती वर्ष के तहत आयोजित शास्त्रीय संगीत श्रृंखला 'पूनम-42' में युवा गायक साई ऐश्वर्य महाशब्दे ने राग यमन और राग शाह की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया. हारमोनियम पर निलय साल्वी, तबले पर ओमकार तोडकर तथा तानपुरे पर परमेश्वर बंसल और चिन्मय नेमा ने संगत की. संध्या का मुख्य आकर्षण अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संतूर वादक पंडित राहुल शिवकुमार शर्मा का संतूर वादन रहा. उन्होंने राग कलावती से प्रस्तुति की शुरुआत की और अपनी मधुर धुनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया. तबले पर पंडित राम कुमार मिश्रा ने संगत दी.

## छतनारा की संगत में गाए गीत, गजल

**भोपाल, 30 मई. (निज संवाददाता).** चूनाभट्टी स्थित छतनारा आर्ट होम में शनिवार शाम छतनारा समूह द्वारा 56वीं संगत का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत कवि निशांत उपाध्याय ने की. उन्होंने संगत की अवधारणा और कला की सार्थकता पर अपने विचार साझा किए. इसके बाद शायर अमित गांगले ने अपनी नज़्म और शेर प्रस्तुत किए. शमिला खान ने अंग्रेज़ी कविताओं का पाठ किया. हर्षिता वागडेरे ने अपनी लिखी कहानियां सुनाई. सूरज गोस्वामी ने अपनी ग़ज़लों से माहौल को खास बनाया. मनन मशरूफ ने हिंदी कविता और आदित्य शेजुल ने छंदबद्ध रचनाएं प्रस्तुत कीं. निशांत उपाध्याय ने अपनी कविताएं और अनुवाद साझा किए. शुभम उमरझरे ने तरन्नुम में गीत, सुहास मिश्रा ने कुछ रचनाएं प्रस्तुत कीं.

## संभावना गतिविधि में नृत्य, गायन की प्रस्तुति आज

**भोपाल, 30 मई.** मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य,गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि 'संभावना' में रविवार को मांगीलाल बड़ेकनिया एवं साथी राजगढ़ द्वारा मालवी गायन, नमन तिवारी एवं साथी नर्मदापुरम द्वारा कबीर गायन, जसवंत भार्वे एवं साथी डिण्डोरी द्वारा गुदुमबाजा नृत्य, चरण सिंह गोण्ड एवं साथी, सागर द्वारा सैरा नृत्य की प्रस्तुति दी जायेगी. हर रविवार को दोपहर 02 बजे से होने वाली इस गतिविधि में पांच लोकांचलों, सात प्रमुख जनजातियों की बहुविध कला परंपराओं की प्रस्तुति के साथ ही देश के अन्य राज्यों के कलारूपों को देखने समझने का अवसर भी जनसामान्य को प्राप्त होगा.

## साहित्यकारों ने बशीर बद्र को दी श्रद्धांजलि

**भोपाल, 30 मई.** दुष्यंत कुमार संग्रहालय के राज सदन में पद्मश्री बशीर बद्र को साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं द्वारा श्रद्धांजलि दी गई. वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. विजय बहादुर सिंह ने कहा कि बशीर बद्र की शायरी में कल्पना की ऊंचाइयों के साथ विचारों की गहराई थी. इकबाल मसूद ने कहा कि रूसी लोग भी उनकी शायरी को पसंद कर रहे हैं और उनके न रहने के बाद भी उनकी रचनाएं दूर तक जाएंगी. उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहंदी ने कहा कि उनके शब्द सरल थे. संग्रहालय की निदेशक करुणा राजुरकर ने बशीर बद्र से जुड़ा संस्मरण साझा करते हुए कहा कि बीमारी के बावजूद उनकी मुस्कान हमेशा बरकरार रही.



### श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान शुरू

**भोपाल, 30 मई.** आचार्य संभव सागर महाराज के शिष्य मुनि संभव सागर महाराज ससंघ के सान्निध्य में चौक धर्मशाला में श्री सिद्ध चक्र विधान का शुभारंभ हुआ. इस दौरान भगवान जिनेंद्र का अभिषेक, शांति धारा के साथ विशेष पूजा अर्चना की गई.

# भोपाल के तैराकों ने पहले दिन जीते 11 पदक

- रीवा में 54 वीं जूनियर एवं सीनियर राज्य तैराकी स्पर्धा

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल 30 मई. रीवा में आयोजित 54वीं जूनियर एवं सीनियर राज्य तैराकी प्रतियोगिता के पहले दिन भोपाल के तैराकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 स्वर्ण, 1 रजत और 5 कांस्य पदक अपने नाम किए. प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा की अध्यक्षता में किया.**



कप्तान ईशिता परिहार के नेतृत्व में उतरी भोपाल टीम ने पहले ही दिन अपनी मजबूत दावेदारी पेश कर दी. भोपाल को रिले स्पर्धाओं में बड़ी सफलता मिली. 4×100 मीटर फ्रीस्टाइल मिक्स्ड रिले ग्रुप-बी में आदर्श सिंह, वाणी जैन, पर्व प्रजापति और अन्वी खंडूरी की टीम ने स्वर्ण पदक जीता. वहीं 4×100 मीटर मेडले मिक्स्ड रिले ग्रुप-बी में वाणी जैन, अन्वी खंडूरी, अर्थ जैन और आदर्श सिंह की टीम ने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया. सीनियर वर्ग की 4×100 मीटर फ्रीस्टाइल मिक्स्ड रिले में ईशिता परिहार, वाणी जैन, अर्नव चौधरी और ध्रुव सिंह नेगी की टीम ने कांस्य पदक हासिल किया. इसके अलावा 4×100 मीटर मेडले मिक्स्ड सीनियर रिले में ईशिता परिहार, अर्नव चौधरी, कृतिका श्रीवास्तव और व्योम खन्ना की टीम ने कांस्य पदक जीता.

व्यक्तिगत स्पर्धाओं में वाणी जैन ने 100 मीटर बटरफ्लाई गर्ल्स ग्रुप-बी और 100 मीटर बटरफ्लाई महिला वर्ग में दो स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया. टीम कप्तान ईशिता परिहार ने 400 मीटर फ्रीस्टाइल महिला वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया. अन्वी खंडूरी ने 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले गर्ल्स ग्रुप-बी में रजत पदक जीता.

# बच्चों ने सूर्य की रोशनी से समय मापने बनाया मॉडल

- आंचलिक विज्ञान केंद्र में कार्यशाला का समापन

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 30 मई. आंचलिक विज्ञान केंद्र में विद्यार्थियों के लिए आयोजित एस्ट्रोनॉमी- द स्टडी ऑफ द सन एंड द सनस्पॉट्स कार्यशाला का शनिवार को समापन हो गया.**

इस कार्यशाला में कक्षा 8 वीं से 12 वीं तक के छात्रों ने खगोल विज्ञान और अंतरिक्ष विज्ञान की जटिल अवधारणाओं को बेहद आसान और प्रयोगात्मक तरीके से सीखा. कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य युवा मस्तिष्क में अंतरिक्ष विज्ञान और सौर गतिविधियों के प्रति रुचि जगाना रहा. बता दें इन 5 दिनों के दौरान विद्यार्थियों ने सूर्य की आंतरिक संरचना, सौर ज्वालाओं (सोलर फ्लेयर्स), अंतरिक्ष के मौसम और सौर धब्बों (सनस्पॉट्स) के वैज्ञानिक रहस्यों को समझा. इस कार्यशाला में छात्रों ने सूर्य की बाहरी सतह से लेकर उसके केंद्र तक की परतों को समझने के लिए खुद का एक त्रिविमीय मॉडल बनाया. तो कुछ विद्यार्थियों ने प्राचीन काल में सूर्य की रोशनी से समय मापने की वैज्ञानिक विधि को जानने के लिए सनडायल का निर्माण किया. इसके साथ ही अंतरिक्ष में दो खगोलीय पिंडों के बीच गुरुत्वाकर्षण के संतुलन बिंदुओं को समझने के लिए छात्रों ने लैग्रांज पॉइंट मॉडल तैयार किया.



# बच्चों को बताया पेड़ों को पहचानना

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 30 मई.** क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में ग्रीष्मकालीन प्रकृति अध्ययन कार्यक्रम हरित किशोर के अंतर्गत पेड़ों को पहचानें, कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया. इस विशेष गतिविधि का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को व्यावहारिक रूप से वनस्पति विज्ञान से जोड़ना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा. कार्यक्रम में मुख्य विशेषज्ञ के रूप में मौजूद मध्य प्रदेश शासन के पूर्व उप वन संरक्षक डॉ सुदेश वाघमारे ने प्रतिभागियों को पेड़ों को पहचानने की वैज्ञानिक विधियों के बारे में विस्तार से समझाया.

उन्होंने बताया कि किसी भी पेड़ की सटीक पहचान उसके आकार-प्रकार, पत्तियों की बनावट, छाल, फूल और फल की संरचना के सूक्ष्म अध्ययन से की जा सकती है.

# ब्लू एफसी ने फैंटम क्लब को हराया

- टी.टी. नगर स्टेडियम समर कैंप फुटबॉल प्रतियोगिता

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल 30 मई. भोपाल. टी.टी. नगर स्टेडियम में खेली जा रही खेलो भोपाल समर कैंप फुटबॉल प्रतियोगिता के अंडर-15 वर्ग में शनिवार को ब्लू एफसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फैंटम फुटबॉल क्लब को 8-0 से हरा दिया. मैच की शुरुआत से ही ब्लू एफसी के खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल दिखाया और विरोधी टीम को संभलने का मौका नहीं दिया.**

टीम के स्ट्राइकर रितेश लालवानी ने चार गोल दागे, जिसमें एक हैट्रिक भी शामिल रही. उनके लगातार हमलों के सामने फैंटम फुटबॉल क्लब टीम की प्लानिंग बिखरी हुई नजर आई. रितेश का साथ मोहम्मद उमर खान ने भी बखूबी निभाया. उमर ने भी हैट्रिक लगाकर टीम की बढ़त को मजबूत किया. मैच के दूसरे हाफ में अमर अहमद ने भी एक गोल कर ब्लू एफसी को जीत हासिल कराइ. फैंटम फुटबॉल क्लब पूरे मुकाबले में गोल करने का कोई मौका नहीं बना सका और टीम को एकतरफा हार का सामना करना पड़ा. इस जीत के साथ ब्लू एफसी ने अपनी मजबूत दावेदारी पेश कर दी है. मुकाबले के दौरान खिलाड़ियों की फिटनेस, पासिंग, गेंद पर नियंत्रण और टीम वर्क ने सभी का ध्यान खींचा. खिलाड़ियों के प्रदर्शन में टी.टी. नगर समर कैंप में दी जा रही कोचिंग की साफ झलक दिखाई दी. मैदान पर दिखाई गई तकनीक और खेल की समझ ने यह साबित किया कि कैंप में खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण मिल रहा है, जिसका असर उनके खेल में नजर आ रहा है.

सदानीरा समागम | इक्वाडोर के डिप्टी चीफ ऑफ मिशन जॉर्ज विनिशियो अनरंगो ने कहा

# जलसंकट भारत ही नहीं, पूरे विश्व के लिए चुनौती

निज संवाददाता

**भोपाल,30 मई. मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग अंतर्गत वीर भारत न्यास द्वारा आयोजित सदानीरा समागम के चौथे दिन विदेशी मेहमानों ने कार्यक्रम में शामिल होकर जल संरक्षण के प्रयासों की सराहना की.**



इक्वाडोर के डिप्टी चीफ ऑफ मिशन जॉर्ज विनिशियो अनरंगो, साइप्रस हाई कमिश्नर की पत्नी क्लोडिया व्रयोनिदेस और उनकी पुत्री सिमोनी व्रयोनिदेस ने कार्यक्रम में सहभागिता की. इस अवसर पर वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव श्रीराम तिवारी ने विशेष रूप से तैयार सदानीरा समागम का स्मृति चिन्ह भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जॉर्ज विनिशियो अनरंगो ने दुनिया में बढ़ते जल संकट पर चिंता जताई. उन्होंने कहा कि जल संकट केवल भारत की नहीं, बल्कि पूरे विश्व की चुनौती है. मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग और वीर भारत न्यास द्वारा जल संरक्षण और संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं. भारत भवन परिसर में आयोजित प्रदर्शनियां, कार्यशालाएं और सांस्कृतिक गतिविधियां लोगों को जल बचाने के लिए प्रेरित कर रही हैं. उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में जागरूकता बढ़ाने का अच्छा माध्यम हैं. इक्वाडोर में भी जल संरक्षण को लेकर हर वर्ष महोत्सव आयोजित किए जाते हैं.उन्होंने इच्छा जताई कि सदानीरा समागम जैसी गतिविधियों को अपने देश में भी लागू करने का प्रयास करेंगे.विदेशी मेहमानों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे जल और पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण पहल बताया.

### बच्चों के नाटक ने दर्शकों को किया भावुक

**भोपाल, 30 मई.** सदानीरा समागम के चौथे दिन बच्चों के नाटक मिराज मेलोडीज़ ने दर्शकों को भावुक कर दिया. मुंबई की इप्सिता चक्रवर्ती सिंह के निर्देशन में इस द्विभाषी नाटक की कहानी नील नामक एक जिज्ञासु बालक के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक रहस्यमयी दुनिया में पहुंच जाता है जहां पानी बेहद दुर्लभ है और लोग आंसुओं के सहारे अपनी प्यास बुझाते हैं .नाटक ने जल संरक्षण के महत्व का संदेश प्रस्तुत किया.

# अभय ने 162 रन से जीता मुकाबला

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल 30 मई. एच.एम.जी. कप 2026 अंडर-15 इंटर क्लब एवं अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट में अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी ने शानदार खेल दिखाते हुए फैथ क्रिकेट क्लब को 162 रन के बड़े अंतर से हरा दिया. डीपीएस खेल मैदान पर खेले गए मुकाबले में बल्लेबाजों के बाद गेंदबाजों ने भी दमदार प्रदर्शन कर जीत को यादगार बना दिया.**



टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी फैथ क्रिकेट क्लब की टीम शुरुआत में मैच पर पकड़ बनाने में नाकाम रही. अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी के बल्लेबाजों ने संयम और आक्रामकता का बेहतरीन मिश्रण दिखाया. टीम ने 50 ओवर में 5 विकेट पर 231 रन बनाए. दिव्यांश गोयल ने 52 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली, जबकि वेदांत सिंह ने 48 और जीवेश शुक्ला ने 47 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया. 232 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी फैथ क्रिकेट क्लब की बल्लेबाजी पूरी तरह बिखर गई. टीम 38.2 ओवर में सिर्फ 69 रन बनाकर सिमट गई. अभय अकादमी के गेंदबाज मयंक मंडराई ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके और मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया. महेंद्र कुमार ने भी 2 विकेट लेकर उनका अच्छा साथ निभाया. मयंक के शानदार पांच विकेट के प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया. इस बड़ी जीत के साथ अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी ने टूर्नामेंट में अपनी मजबूत खेल प्रदर्शन भी पेश कर दिया.